Greenlawns School, Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (2020-21)

हिंदी

कक्षा :- दसवीं | पूर्णांक:- ६०

दिनांक :- ०३.१०.२०२० | समय:- २1/2घंटे

प्र.१ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए- १५

१. 'आत्मनिर्भर भारत'इससे आप क्या समझते हैं? भारत का आत्मनिर्भर होना इस समय क्यों आवश्यक है?भारत किन-किन क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रहा हैं?भारत को आत्मनिर्भर बनाने में आपका क्या योगदान होगा? विस्तार से समझाइए।

२. 'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना'इस लोकोक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए।

३. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।

प्र.२ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए :- ७

आपके महानगर में फैली कोरोना महामारी से लोगों का जीवन बहुत प्रभावित हुआ है। इसके संक्रमण की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा लागू किए गए नियमों का लोग गंभीरतापूर्वक पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे कोरोना संक्रमण बहुत बढ़ रहा है। इसकी शिकायत करते हुए महानगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए व अपनी तरफ से इस समस्या संबंधित सुझाव भी लिखिए। अथवा

ऑनलाइन कक्षाओं की जानकारी देते हुए अपने मामाजी को दीजिए। साथ ही लॉकडाउन के समय आपने उन मूल्यों का महत्त्व समझा जो आपके मामाजी अक्सर आपको समझाते थे। उन मूल्यों को सिखाने के लिए आप अपने मामाजी को धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए।

प्र।३ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- ८

१. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- १. रामचंद्र २. भाई १

२. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- १. धृष्ट २.शीतल १

३. निम्नलिखित शब्द के भाववाचक संज्ञा शब्द लिखिए :- १. मुड़ना २. परस्पर १

४. निम्नलिखित मुहावरों के किसी एक का वाक्य में प्रयोग कीजिए :-

१.लोहे के चने चबाना २. भीगी बिल्ली बनना १

५.निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए :- १. शांती २. सीडी १

६. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :- ३

१. अमन दिल्ली से लौटते ही एक गाड़ी खरीदेगा।(वाक्य अपूर्ण वर्तमानकाल में बदलिए।)

२. व्यर्थ खर्च करनेवाला इंसान कभी समृद्ध नहीं रहता है। (रेखांकित शब्द के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कर वाक्य पुनः लिखिए।)

३. हमारे पड़ोसी एक प्रसिद्ध नेता हैं।(लिंग बदलिए।)

साहित्य – विभाग

(निर्देश :-साहित्य विभाग में से कुल ३ प्रश्न हल करने हैं। दोनों पुस्तकों से एक – एक प्रश्न लिखना अनिवार्य है।)

संक्षिप्त -कहानियां

प्र.४ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। १०

"यदि तुम पर कोई अन्याय होगा, तो डटकर लड़ेंगे।" (भेड़ें और भेड़िए ,लेखक – हरिशंकर परसाई)

प्रश्न :- १.वक्ता कौन है? उसका परिचय दीजिए। २

२.किस पर अन्याय होने की बात की जा रही है? उन पर किस प्रकार और कौन अन्याय करता था ? २

३.वक्ता श्रोता को क्या समझाने का प्रयास कर रहा है और किस प्रकार स्पष्ट कीजिए? ३

४.पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। ३

प्र.५ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"बाबू साहब की मैंने इतनी सेवा की पर दुख में उन्होंने साथ न दिया।" (बात अठन्नी की- सुदर्शन) १०

प्रश्न -

१. किसे ,क्या दुख था? उसने उक्त वाक्य क्यों सोचा? २
२. दुख के समय साथ निभाने वाले व्यक्ति का कर्ज चुकाने के लिए उसने क्या किया? २
३. बाबू साहब कौन है? उनका चरित्र- चित्रण कीजिए। ३
४. प्रस्तुत पाठ में लेखक ने समाज की किस व्यवस्था पर व्यंग्य किया है? स्पष्ट कीजिए। इसमें सुधार लाने के कोई दो उपाय लिखिए। ३

पद्य- विभाग

प्र.६ निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :- १०

गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया,
जग को दया दिखाई, जग को दिया दिखाया।
वह युद्धभूमि मेरी , वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी। (वह जन्मभूमि मेरी – कवि- सोहनलाल द्विवेदी)

प्रश्न -

१. आप अपनी जन्मभूमि का नाम बताते हुए उसका वर्णन कीजिए। २
२. 'वह युद्धभूमि मेरी , वह बुद्धभूमि मेरी।' इसका पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए। २
३. गौतम कौन है? उनका परिचय देते हुए उन्होंने किसका सुयश बढ़ाया व किस प्रकार समझाकर लिखिए। ३
४. कविता का केंद्रीय भाव लिखिए। ३

प्र.७ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए: १०

मैया मेरी, चन्द्र खिलौना लैहों ।।
धौरी को पय पान ना करिहौं, बेनी सिर ना गुथैहों।
मोतिन माल न धरिहौं उर पर, झंगुली कंठ न लैहौं।।
लाल कहैहौं नंद बाबा को , तेरो सुत न कहैहौं।।
कान लाय कछु कहत जसोदा, दाउहिं नाहिं सुनैहों। (पद - कवि – सूरदास)

प्रश्न -

१. 'लाल कहैहौं नंद बाबा को , तेरो सुत न कहैहौं।।' इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए श्री कृष्ण के जनक का नाम लिखिए। २
२. माता यशोदा कृष्ण के कान में क्या कहती है और क्यों? दाउ से श्री कृष्ण का क्या संबंध है ? समझाकर लिखिए। २
३. कवि परिचय दीजिए। ३
४. शब्दार्थ लिखिए :- कंठ, बेनी, सुत, धौरी, मोतिन, उर ३

४० marks

१.प्रकल्प कार्य - कोरोना वायरस का भारत पर प्रभाव(२० अंक)

ppt

२.मौखिक अभिव्यक्ति (१०)

विषय :- हिंदी चीनी भाई - भाई

३- अर्थग्रहण (१० अंक)